कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य / मा–स / समान–परीक्षा(7) / 22402 / 2014–25 / दिनांक : यथा ई–हस्ताक्षर

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
(मुख्यालय)–माध्यमिक।

विषय :– राज्य स्तरीय समान परीक्षा : 2024–25 के सम्बन्ध में प्रश्नपत्रों बाबत् निर्धारित शुल्क जमा करवाने की कार्यवाही के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 13.01.2025

सन्दर्भ :– इस कार्यालय का समसंख्यक कार्यशाला कार्यवाही विवरण दिनांक : 14.11.2024 एवं समसंख्यक पत्र दिनांक : 26.11.2024

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्रों द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में प्रासंगिक पत्र द्वारा वर्ष 2024–25 की राज्य स्तरीय समान परीक्षा अन्तर्गत, जिसमें प्रश्न पत्र गुणवत्ता की दृष्टि से बोर्ड पैटर्न पर मुद्रित हुए है, हेतु कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप 20 रू/– प्रति विद्यार्थी विद्यालयों में संधारित विद्यार्थी कोष में से संग्रहित किये गये थे। उक्त सम्बन्ध में सन्दर्भित कार्यशाला कार्यवाही विवरण में यह भी उल्लेखित किया गया था कि यह राशि आवश्यकतानुरूप अधिकतम 15 रू/– प्रति विद्यार्थी तक बढ़ाई जा सकती है।

तदनुरूप पूर्व में विद्यालयों द्वारा विद्यालय में संधारित विद्यार्थी कोष में से जमा कराई गई राशि 20 रूपये के स्थान पर 30 रू/– प्रति विद्यार्थी (20 रूपये पूर्व में संग्रहित + 10 रूपये अतिरिक्त जमा करवाने) किया जाता है। उक्त क्रम में आपके अधीनस्थ समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों द्वारा राज्य स्तरीय समान परीक्षा 2024–25 के सम्बन्ध में कक्षा 9 से 12 तक प्रति परीक्षार्थी 10 रू/– परीक्षा शुल्क विद्यालय में संधारित विद्यार्थी कोष में से एकत्रित कर सम्बन्धित राशि अविलम्ब पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, बीकानेर के बैंक खाता संख्या 37902538203 आईएफएससी कोड SBIN0032467 में जमा करवाने की कार्यवाही करते हुए सूचना अग्रांकित प्रपत्र में पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, बीकानेर की ई–मेल आईडी panjiyak8ppp@gmail.com एवं इस कार्यालय की ई–मेल आईडी massecondary@gmail.com पर प्रेषित करवाया जाना सुनिश्चित करावें :–

क्र. सं.	जिले का नाम	विद्यार्थियों की संख्या			पूर्व में जमा कराई गई शुल्क की राशि (20 रू प्रति विद्यार्थी से)		अतिरिक्त जमा कराई गई शुल्क की राशि (10 रू प्रति विद्यार्थी से		भुगतान की दिनांक	भुगतान का माध्यम मय ट्रांजेक्शन संख्या
		राजकीय	गैर राजकीय	योग	अंकों में	शब्दों में	अंकों में	शब्दों में		
1	2	3			4		5		6	7

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(आशीष मोदी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

RajKaj Ref No.: 14153066

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
3. पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, बीकानेर को भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही हेतु।
4. वित्तीय सलाहकार, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
5. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
6. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
8. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified

Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :19-03-2025 08:24:04